भारतीय खेल प्राधकिरण ने छत्तीसगढ़ में दी 7 खेलो इंडयिा सेंटर की मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

1 दसिंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण वभिाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधकिरण द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलो इंडयिा स्कीम के तहत सात खेलो इंडयिा केंद्रों की स्थापना की मंज़ूरी दी गई है। ये सातों केंद्र अलग-अलग ज़लिों में एक-एक खेल के लयि खोले जाएंगे।

प्रमुख बदिु

- भारतीय खेल प्राधकिरण द्वारा वेटलफि्टगि, फुटबाल, खो-खो, कबड्डी और बैडमटिन के लयि खेलो इंडयिा केंद्र की मंज़ूरी दी गई है। इन केंद्रों की स्थापना के लयि भारतीय खेल प्राधकिरण वत्तिीय सहायता भी प्रदान करेगा।
- इन सात केंद्रों को मलिाकर छत्तीसगढ़ में अब खेलो इंडयिा स्कीम के तहत कुल केंद्रों की संख्या 14 हो गई है।
- मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में सात खेलो इंडयिा केंद्र की मंज़ूरी मलिने पर कहा कि छत्तीसगढ़ के खलिाड़यिों को अपनी खेल प्रतभिा को नखिारने का अच्छा मौका मलिेगा। उन्होंने कहा कि यह 'खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परकिल्पना को साकार करने में एक और सार्थक कदम सद्धि हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नर्दिेश पर खेल संचालनालय ने वभिनि्न खेलों की खेलो इंडयिा सेंटर प्रारंभ करने का प्रस्ताव भारतीय खेल प्राधकिरण को भेजा गया था, जसिमें से बालोद में वेटलफि्टगि सेंटर, बलौदाबाज़ार में फुटबाल सेंटर, पाटन दुर्ग में कबड्डी सेंटर, कांकेर में खो-खो सेंटर, रायपुर में वेटलफि्टगि सेंटर, रायगढ़ में बैडमटिन सेंटर और सुकमा में फुटबाल सेंटर प्रारंभ करने की स्वीकृति भारतीय खेल प्राधकिरण से प्राप्त की गई है।
- इससे पहले शवितराई बलिासपुर में तीरंदाजी सेंटर, बीजापुर में तीरंदाजी सेंटर, राजनांदगाँव में हॉकी सेंटर, जशपुर में हॉकी सेंटर, गरयिाबंद में व्हॉलीबॉल सेंटर, नारायणपुर में मलखंभ सेंटर और अंबकिापुर सरगुजा में फुटबॉल खेल की खेलो इंडयिा सेंटर प्रारंभ करने की स्वीकृति भारतीय खेल प्राधकिरण से प्राप्त हो चुकी है।
- इन सभी खेलो इंडयिा सेंटर्स को प्रारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ खेल संचालनालय द्वारा लगातार इन सेंटर्स की मॉनटिरगि की जाएगी। प्रत्येक खेल के स्थानीय सीनयिर खलिाड़यिों को सेंटर से जोड़ा जाएगा, उन्हें प्रशक्षिक के रूप में कार्य करने के लयि मानदेय भी दयिा जाएगा।
- सभी खेलो इंडयिा सेंटर्स में बालक एवं बालका खलिाड़यिों का बराबर प्रतनिधित्वि भी सुनश्चिति की जाएगी। इन सेंटर्स को भारतीय खेल प्राधकिरण के पोर्टल में पंजीकृत कयिा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sports-authority-of-india-approves-7-khelo-india-centers-in-chhattisgarh